इनमें से 30 विधार्थी आवासीय विद्यालय में रहकर तथा 40 विधार्थी नियमित आवा–गमन से शिक्षा प्राप्त कर रहें। इनमें से 85% विधार्थी मूक: बधिर श्रेणी से हैं। तथा 15% अन्य विकलांगता श्रेणी से हैं। विद्यालय में कुल 6 अध्यापक कार्यरत् है। सभी शिक्षक विशेष योग्यजन शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त हैं। विधार्थियों को सांकेतिक भाषा में भी शिक्षण प्रदान किया जाता है। यह विद्यालय 50% सरकार द्वारा अनुदानित है। यहाँ आने वाले बच्चो का पहले मूल्यांकन किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विधार्थी का एक व्यक्ति गुण प्रगति प्रतिवेदन पत्र आंकलन हेतु तैयार किया जाता है। विधार्थियों को यहाँ सामान्य दैनिक क्रियाओं का ज्ञान कराया जाता है यथा:– कपड़े पहनना स्वयं को शारीरिक रूप से स्वच्छ रखना दांत साफ करना, शोच व शौचा के पश्चात् हाथ धोना, नाखून ना बढ़े, नंगे पैर ना घूमना इत्यादि। यहाँ छात्र–छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जाते हैं। विधार्थियों में सामान्य जानकारी विकसित की जाती है। सफाई कर्मचारी द्वारा नियमित सफाई की जाती है। इसके अलावा बच्चों में भी दरी लगाने, सफाई के प्रति जागरुकता रहने, खाने से पहले हाथों की सफाई करने की समझ व क्रियाएं विकसित की जाती है। सफाई हेतु फिनायल वगैरह जैसे फ्लोर क्लीनर्स का प्रयोग किया जाता है। विधार्थियों द्वारा अपनी सफाई स्वयं की जाती है। सभी बालकों का स्वास्थ्य कार्ड भरा जाता है। इसके अलावा प्रति 6 माह पर स्वास्थ्य जाँच की जाती है। हाल ही में विद्यालय भवन बदले जाने के कारण यहाँ मनोरंजन के साधनों की कमी है। छात्रो छात्राओं को निश्चित पोषण चार्ट के अनुसार ही भोजन दिया जाता है।

**यु.जी.सी द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के बारहवें दिन**उपखण्ड अधिकारी कार्यलय में स्वच्छता प्रक्रिया पर चर्चा तहसीदार जितेन्द्र सिंह व अन्य कर्मचारी गण के साथ इस विषय पर चर्चा की गयी। जिससे निष्कर्ष निकला की नियमित रूप से नियुक्त कर्मचारी ही सफाई का काम करते है। और सप्ताह में हम सब मिल कर अभियान के रूप में एक दिन पूरे कार्यालय की सफाई की जाती है।



नायब तहसीलदार जी ने हमे इस सफाई कार्यशाला के अर्न्तगत कुछ गाइडलाइन्स कि जो निम्न प्रकार से है ग्राम स्तर पर बैठक करके सफाई से सम्बन्धित चर्चा करके व सफाई न होने से होने वाली बिमारियों व उसके दुषप्रभावो से जनता को अवगत कराना व समुदाय में किसी भी प्रकार कि बैठक हो स्थानीय जनता को उनकी स्थानीय भाषा में हि समझाना और इसके प्रचार–प्रसार के लिए प्रोत्साहित प्रतियोगिताये आयोजित करना है इत्यादि कई कार्यो से हमे अवगत करवाया और बताया कि अगर हम ऐसा करते है तो आने वाले समय में हर–गली मोहल्लों समुदाय स्वच्छ होगा और एक नये स्वच्छता भारत को निर्माण होगा।

जितेन्द्रसिंह ने बताया कि आबादी क्षेत्र में सफाई कार्य B.D.O. द्वारा देखा जाता है। O.D.F. का कार्य देखा जाता है ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कि जाती है।

**तैरहवें दिवसः**–जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय में 13 सितम्बर को छात्र एवं छात्राओं के छात्रावास में स्वच्छतम कक्ष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. विष्णु कुमार तथा डॉ. पुष्पा मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने वृन्दा दाधीच एवं नीतु वैष्णव ने प्रथम, दीपिका एवं अल्का ने द्वितीय तथा मोनिक एवं एकता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में विनय जैन व अंकित तथा सुनिल व जितेन्द्र ने प्रथम, उदय जैन व प्रसुख जैन्न सिंह ने द्वितीय तथा विनय शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**चौदहवां दिनः**—जैन विश्वभारती संस्थान में स्वच्छता पखवाड़े के अर्न्तगत 14 सितम्बर को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



भाषण प्रतियोगिता का विषय "स्वच्छता एवं स्वास्थ्य असली सम्पती है" प्रतियोगिता मे सहायक आचार्य डॉ. विवेक महेश्वरी एवं डॉ. गिरीराज भोजक ने निर्णायकों की भूमिका अदा की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निधी शिक्षा विभाग, द्वितीय स्थान तन्मय जैन, जैनलोजी तथा तृतीय स्थान नन्दनी पारीक, आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय तथा खुशबू योगी शिक्षा विभाग ने प्राप्त किया कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रगति भटनागर ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमिता जैन ने किया।

**पन्द्रहवां दिनः**— जैन विश्व भारती संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा के अर्न्तगत 15वां दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने छात्र छात्राओं में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय आने वाले छात्रो को प्रमाण पत्र कार्यक्रम के आयोजको द्वारा वितरीत कर सम्मानित किया गया।

(Dr. B Pradhan)
NSS Officer
Head ,Dept of Social Work, JVBI

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institu
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

## मतदाता जागृति लोकतंत्र का आधार : 25.01.2018

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा मतदान जागरूकता लाने के लिए एक कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. बलबीर सिंह (राजनीति विज्ञान) ने मतदान के महत्त्व एवं मतदान की चुनावी प्रक्रिया में भूमिका पर प्रकाश डाला तथा यह बतलाया कि सच्चे लोकतंत्र का आधार ही मतदान का सही प्रयोग है और जागरूक मतदाता ही अपने विवेक से मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने आस–पास के क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान जागरूकता लाने का प्रयास करें ताकि मताधिकार का सही उपयोग हो सके। इस कार्यक्रम में दोनों इकाइयों के प्रभारी उपस्थित रहे।

Pradi

कार्यक्रम अधिकारी

एन.एस.एस.,

जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

# जैन विश्वभारती संस्थान की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में एड्स दिवस का आयोजन

दिनांक 01.12.2017, जैन विश्वभारती संस्थान की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में 1 दिसम्बर, 2017 को एड्स दिवस मनाया गया। इसके तहत स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने रेड रिबन द्वारा एड्स चिन्ह निर्मित कर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को वितरित किये। इस अवसर पर स्वयं सेवक एवं सेविकाओं द्वारा एड्स जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. प्रधान ने एच.आई.वी./एड्स वायरस से जीवन रक्षा कैसे की जाती है? यह वायरस कैसे मानव शरीर में पहुंचता है? कैसे अपने आपको विकसित करता है एवं हमारे शरीर में रोग से लड़ने वाली रोग–प्रतिरोधक क्षमता को नष्ट करता है की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. प्रगति भटनागर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि एड्स से डरने या घबराने की जरूरत नहीं है अपितु इसके प्रति जागरूक रहने की एवं समाज में इसके प्रति जागरूकता उत्पन्न करना सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं का प्रथम उद्देश्य होना चाहिए। इस कार्यक्रम में लगभग 232 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

Pragati

(डॉ. प्रगति भटनागर)
एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

# जैन विश्वभारती संस्थान में मनायी गांधी जयंती

राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय दोनों के संयुक्त तत्त्वावधान में 2 अक्टूबर, 2018 को गांधी जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. अनिल धर ने गांधी जी के आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया और यह बतलाया कि गांधीजी के आदर्श एवं जीवन मूल्य न केवल अतीत में प्रभावी रहे बल्कि भविष्य में भी प्रासंगिक एवं उपयोगी रहेंगे। इस अवसर पर दोनों इकाइयों के प्रभारी उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में लगभग 198 स्वयं सेविकाएं एवं स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

Pragati

(डॉ. प्रगति भटनागर)
एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एनएसएस द्वारा कार्यक्रम आयोजित

दिनांक 08 मार्च, 2019 को जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) की एनएसएस की दोनों ईकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये प्रो. रेखा तिवाड़ी ने कहा कि भारतीय समाज में महिलाओं को पूजा योग्य एवं देवी के समान माना गया है, लेकिन आज स्थितियां अलग है। वास्तविकता बदल चुकी है। इसलिये अब महिलाओं को खुद को साबित करने की जरूरत है। महिलाओं के लिये अपने परिवार, केरियर, मनोरंजन, बदलती परिस्थितियों आदि सब में सांमजस्य बनाकर चलना होता है। इसलिये हर परिस्थिति के लिये महिलाओं को मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को अपने केरियर के सम्बंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सभी छात्रायें अभी से अपने केरियर के लिये लक्ष्य तय करके आगे बढें। केरियर हमेशा अपनी रूचि के अनुसार चुनना चाहिये, ताकि आसानी से बिना तनाव के उस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने अपने व्यक्तव्य द्वारा छात्राओं को प्रेरित किया। अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रगति भटनागर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

(डॉ. प्रगति भटनागर)
एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

# जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूँ

(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत मान्य विश्वविद्यालय)

दिनांक : 24.11.2018

## एन.सी.सी. स्थापना दिवस का आयोजन

संस्थान के सभी एन.सी.सी. केडेट्स द्वारा समारोह पूर्वक एन.सी.सी. दिवस दिनांक 24.11.2018 को मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के कुलसचिव श्री रमेश कुमार मेहता ने की। सभी केडेट्स ने मार्चपास्ट किया व सलामी दी। इस अवसर पर एन.सी.सी. गीत का संगान किया गया। संस्थान के कुलसचिव ने अपने वक्तव्य में कहा कि एकता व अनुशासन एन.सी.सी. केडेट्स के लिए प्राथमिक आवश्यकता होती हैं। एन.सी.सी. में भाग लेने से छात्र जीवन से ही राष्ट्र के प्रति समर्पण व बलिदान की भावना प्रफूल्लित होती है। कर्तव्यनिष्ठा का भाव व्यक्ति के लिए जीवन भर उपयोगी होते हैं तथा वे जीवन को नई दिशा प्रदान करने में सक्षम होते है। एन.सी.सी. केडेट्स की आकांक्षा व प्रेमलता द्वारा एन.सी.सी. कि उपयोगिता के बारे में अपने–अपने विचार रखे व पवन ने एकल गायन द्वारा अपने भावों को व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री राजू हीरावत, दीपक शर्मा, बलवन्त रैन व एन.सी.सी. छात्राएं उपस्थित रही। अन्त में एन.सी.सी. प्रभारी द्वारा सभी का आभार ज्ञापित किया गया।

Kavita
प्रभारी, एन.सी.सी.
जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं
Unit of
3 Raj Girls BN NCC Jodhpur

प्रतिलिपि

1. निजी सचिव, कुलपति
2. निजी सहायक, कुलसचिव
3. निदेशक, IQAC
4. प्रभारी – 3 Raj Girls BN NCC Jodhpur

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

# जैन विश्वभारती संस्थान में मनाया गया एन.एस.एस. दिवस

दिनांक 24.09.2018, जैन विश्वभारती संस्थान में दिनांक 24 सितम्बर, 2018 को एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में एन.एस.एस. दिवस का आयोजन आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ एन.एस.एस. गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने अपने वक्तव्य में एन.एस.एस. के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। स्वयं सेविका सरिता शर्मा ने एन.एस.एस. लोगो का अर्थ समझाकर एन.एस.एस. स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को निरन्तर राष्ट्र एवं सामाजिक सेवा में गतिशील रहने का संदेश दिया। स्वयं सेविका दक्षता कोठारी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि एन.एस.एस. के कार्यक्रम छात्र–छात्राओं को राष्ट्र एवं सामाजिक सेवा का मंच प्रदान करते हैं एवं उन्होंने स्वयं सेवक एवं सेविकाओं का आवाह्न करते हुए उन्हें सदैव सामाजिक एवं राष्ट्र सेवा सम्बन्धी कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रगति भटनागर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

Attested

Pragati

(डॉ. प्रगति भटनागर)
एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

**जैन विश्वभारती मान्य विश्वविद्यालय में संचालित एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11–17 जनवरी, 2019 को आयोजित**

जैन विश्वभारती संस्थान में एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जुगल किशोर दाधीच एवं डॉ. प्रगति भटनागर के निर्देशन में किया गया। इस दौरान सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जैसे– नारा लेखन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी कार्यक्रम के तहत दूजार ग्राम (लाडनूं) के सरकारी विद्यालय में स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया अया तथा साथ ही जनजागृति हेतु गांव में एक रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जो ग्रामीणों द्वारा सराहा गया।

Pragati

**(डॉ. प्रगति भटनागर)**

एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

# राष्ट्रीय सेवा योजना
## जैन विश्वभारती संस्थान
### इकाई प्रथम एवं द्वितीय

### सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर की रिपोर्ट
### 1–7 फरवरी, 2019

दिनांक 01.02.2019

सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारम्भ

प्रथम चरण

दिनांक 01 फरवरी, 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना, जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) इकाई प्रथम एव द्वितीय के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ हुआ।




इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी व स्वामी विवेकानन्द के स्वप्नों को साकार करने के लिये राष्ट्रीय सेवा योजना शुभारम्भ विद्यालयों व महाविद्यालयों स्तर पर किया गया, जिसके द्वारा विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, देश के नव निर्माण, जनसेवा की भावनायें बलवती होती है। उन्होंने एनएसएस के कार्यक्रमों व नीतियों के बारे में

विस्तार से बताते हुये कहा कि राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है, इसकी गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ीत लोगों की सहायता आदि समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से विद्यार्थी जीवन से ही उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणो का विकास होता है।

विशिष्ट अतिथि जगदीश यायावर ने एनएसएस की समस्त स्वयंसेविकाओं से सात दिनों के शिविर में जन जागरूकता, समाज को समझने, श्रमदान करने, राष्ट्र के लिये काम करने आदि का पूरा आनन्द तल्लीनता के साथ लेने के लिये प्रेरित किया तथा कहा कि जब तक किसी कार्य को पूरे मनोयोग द्वारा नहीं किया जाता, तब तक उसे पूर्ण रूप से किये जाने व उसका अनन्द लेना संभव नहीं होता है। प्रभारी डा. प्रगति भटनागर ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के उद्देश्यों के बारे में बताते हुये सात दिनों के शिविर के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी तथा गोद लिये गांवों में किये जाने वाले कामों के बारे में बताया।

संयोजक डा. जुगल किशोर दाधीच ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा देने में अनुभव प्रदान करना है। एनएसएस के उद्देश्यों में जिस समुदाय में काम कर रहे हैं, उसे समझना, समुदाय की समस्याओं को जानना और उन्हें हल करने के लिए उनको शामिल करना, सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करना, समूह स्तर पर जिम्मेदारियों को बांटने के लिए आवश्यक क्षमता का विकास करना, आपातकाल और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए उनको विकसित करना, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का अभ्यास करना आदि हैं, जिन्हें रूचिपूर्वक हंसते–खेलते हुये प्राप्त करना है। कार्यक्रम में छात्रा पूजा ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ सम्बंधी संदेश देते हुये एक राजस्थानी गीतिका प्रस्तुत करते हुये लिंगभेद सम्बंधी सामाजिक विसंगतियों को प्रदर्शित किया। छात्रा दिव्यता कोठारी ने एनएसएस की योजना, कार्यक्रम व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। रचना सोनी व कुसुम नाई ने प्रारम्भ में एनएसएस गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेविका प्रतिष्ठा कोठारी व दक्षता कोठारी ने संयुक्त रूप से संयोजन किया।

द्वितीय चरण

द्वितीय चरण में सभी छात्राओं को एक प्रेरणास्पद फिल्म आई एम कलाम दिखाई गई।

दिनांक 02.02.2019

प्रथम चरण

जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिवस सामाजिक व राष्ट्रीय मुद्दों पर आधारित गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगित्ता में 15 प्रतिभागी छात्रायें सम्मिलित हुई, जिनमें से प्रथम स्थान पर स्नेहा पारीक, द्वितीय स्थान पर सोनम कंवर व तृतीय स्थान पर सरिता शर्मा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने की। प्रतियोगिता की निर्णायक सोनिका जैन व अभिषेक चारण थे। कार्यक्रम का संचालन नगीना बानो ने किया। शिविर के प्रथम चरण में स्वयंसेविका छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिये संचार कौशल पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में फोनेटिक्स पर छात्राओं को प्रायोगिक अभ्यास करवाया गया।

**दूसरा चरण**

शिविर के दूसरे चरण में छात्राओं को दिखाई गई फिल्म आई एक कलाम पर चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें स्वयंसेविका सपना स्वामी ने अपने विचार प्रकट करते हुये कहा कि यह फिल्म हमें प्रेरणा देती है कि जीवन में कुछ भी हासिल किया जा सकता है और वह सब हम अपनी कर्मशक्ति से प्राप्त कर सकते हैं। प्रभारी डा. प्रगति भटनागर ने अंत में आभार ज्ञापित किया। डा. जुगलकिशोर दाधीच ने बताया कि रविवार को ये स्वयंसेविकायें लाडनूं शहर में घर–घर जाकर लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक करेंगी।

**दिनांक 03.02.2019**

शिविर के तृतीय दिन स्वयं सेविकाओं द्वारा साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी स्वयं सेविकाओं ने लाडनूं तथा आसपास के गांव में जाकर कम से कम दो लोगों को साक्षर करने का कार्य किया।

**दिनांक 04.02.2019**

**प्रथम चरण**

जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेविका छात्राओं को सोमवार को एक विशेष मोटीवेशल प्रोग्राम के तहत आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया का उद्‌बोधन प्रदान किया गया।



आचार्य पाटोदिया ने माता–पिता की सेवा को महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि आत्म नियंत्रण रखने से बहुत सारी समस्याओं पर विजय पाई जा सकती है। अपने आप पर काबू करना सबसे मुश्किल कार्य होता है, लेकिन यह असंभव नहीं है। आचार्य पाटोदिया ने कहा कि क्रोध समस्त समस्याओं की जड़ होता है इसलिये सबसे पहले अपने क्रोध को काबू में करना सीखो। क्रोध पर काबू रखने के लिये उन्होंने विभिन्न प्रयोग बताये तथा कहा कि इस तकनीक से क्रोध को नियंत्रण किया जा सकता है।

द्वितीय चरण

शोध निदेशक प्रो. अनिल धर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये कहा कि एनएसएस की स्वयसेविकाओं को तो क्रोध रखना ही नहीं चाहिये, तभी वे राष्ट्रसेवा में सफल हो सकती हैं। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित एक डॉक्युमेंटरी फिल्म दिखाई गई।

तृतीय चरण

एनएसएस समन्वयक डा.प्रगति भटनागर ने बताया कि इस शिविर के दौरान एक आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्नेहा पारीक, द्वितीय नगीना बानो और तृतीय स्थान पर दिव्यता कोठारी रही। सहायक आचार्य अभिषेक चारण व अपूर्वा घोड़ावत ने इसमें निर्णायक की भूमिका निभाई। शिविर के दौरान डा. सोमवीर सांगवान ने फोनोटक्स के बारे में एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन डा. जुगलकिशोर दाधीच ने किया।

**दिनांक 05.02.2019**



सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन स्वयं सेविकाओं द्वारा श्रमदान एवं परीसर सौन्दर्यकरण का कार्य किया गया। सभी स्वयं सेविकाओं ने जैन विश्वभारती के सम्पूर्ण परिसर की सफाई कार्य किया साथ ही आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के गार्डन के चारों ओर रंगाई का कार्य किया।

**दिनांक 06.02.2019**

**प्रथम चरण**

शिविर के छठे दिन सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरपीएस अधिकारी धन्नाराम ने स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा है कि जिन्दगी बड़ी अनमोल है, इसे मुफ्त में नहीं गवायें। जीवन को सार्थक बनाने के लिये अनुशासन बहुत आवश्यक है और इसी से राष्ट्र की सेवा संभव है। यातायात के नियमों का पालन करना इसी अनुशासन में शामिल है। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिये स्वयं को लापरवाह होने से बचायें और सदैव सावधानी रखें। उन्होंने कहा कि कानून देश के सुसंचालन के लिये होते हैं। उनका पालन आवश्यक है। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाना और दो से ज्यादा सवारी नहीं बैठाने को सुरक्षा व कानून दोनों दृष्टियों से जरूरी नियम बताया। इसी प्रकार चारपहिया वाहनों के चालकों के लिये सीट बेल्ट लगाने को आवश्यक नियम बताया। उन्होंने गति सीमा का ध्यान रखने का सब वाहन चालकों के लिये जरूरी बताया तथा वाहन चलाते हुये मोबाईल पर बात करने, ईयरफोन इस्तेमाल करने को अनुचित बताया तथा यातायात के नियमों का पालन नहीं करने और लापरवाही करते हुये गलती करने पर कानून माफ नहीं करता तो नियति भी माफ नहीं करती और व्यक्ति केवल अपना ही नहीं, बल्कि अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का भी नुकसान करता है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सेवा परायेपन को समाप्त करती है। इससे अपनत्व जुड़ता है और अहं पीछे छूटता है। जहां परायापन हो, वहां सेवा नहीं हो सकती। सेवा में अपनापन, मधुरता होनी चाहिये, तभी सेवा सही रूप होती है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं से सेवा कार्य के लिये तत्पर रहने के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि राष्ट्र सेवा में कभी चूक नहीं होनी चाहिये, तो यातायात के नियमों के पालन में भी चूक नहीं होनी चाहिये। प्रो. त्रिपाठी ने उदाहरण देते हुये कहा कि देश ने दो कद्दावर नेताओं राजेश पायलट व गोपीनाथ मुंडे को थोड़ी सी चूक के कारण सड़क दुर्घटनाओं में खो दिया था। जिन्दगी में थोड़ी सी चूक जिन्दगी छीन लेती है। मोबाईल व ईयर फोन का शौक हो, लेकिन कहीं यह शौक नहीं बन पाये, इसकी सावधानी भी जरूरी है। यातायात नियमों के पालन की शुरूआत स्वयं से करें और फिर समाज को बदलें। कार्यक्रम का शुभारम्भ एनएसएस के गीत से किया गया। स्वसेविका करिश्मा खान ने यातायात के नियम समझाये और उनका पालन करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस के प्रभारी डा. जुगल किशोर दाधीच ने आभार ज्ञापित करते हुये कहा कि देश भर में व्यापक रूप से हर स्तर पर संचालित सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों के तहत हमारी एनएसएस की ईकाईयां भी भागीदार बना है, तो सड़क सुरक्षा नियमों का पालन स्वयं से ही शुरू करें। प्रत्येक चालक को सूझबूझ व सावधानी का प्रयोग करना चाहिये, इसीसे जीवन सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठा कोठारी ने किया।

**द्वितीय चरण**


**द्वितीय चरण में रैली निकाल कर दिया संदेश**

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने इस कार्यक्रम के पश्चात रैली निकाल कर आम लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। इस रैली को जैविभा विश्वविद्यालय परिसर से पुलिस अधिकारी धन्नाराम व प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी व प्रो. अनिल धर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनएसएस प्रभारी डा. प्रगति भटनागर के नेतृत्व में यह रैली छड़ी पट्टी, हरियाणा भवन, पहली पट्टी, सदर बाजार, गांधी चौक, राहूगेट आदि से होते हुये वापस विश्वविद्यालय लौटी। सभी स्वयंसेविकाओं ने अपने हाथों में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित संदेश लिखी तख्तियां ले रखी थी और नारे लगाते हुये लोगों को यातायात नियमों के पालन व सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिये जागृत किया।




**दिनांक 07.02.2019**

जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) व आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय की राष्ट्र सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त रूप से आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन गुरूवार को समारोह पूर्वक सम्पन्न किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुये कहा कि छात्राओं को मजबूत संकल्प के साथ साहसपूर्वक समस्त चुनौतियों का मुकाबला करना चाहिये। कोई भी मुसीबत कभी कह कर नहीं आया करती है, लेकिन अपनी क्षमता ऐसी होनी चाहिये कि हम हर मुसीबत से टकराने में पीछे नहीं हटें। उन्होंने पुरूषार्थ की महत्ता बताते हुये कहा कि कर्म के मैदान में पुरूषार्थी कभी पीछे नहीं कटा करते हैं। इसलिये कर्म को कभी भार नहीं समझें और कर्म में आनन्द का अनुभव करें। उन्होंने सेवा का अर्थ समझाते हुये कहा कि सेवा करने वाले को सेवा का लाभ अवश्य मिलता है। कार्यक्रम में अतिथि जगदीश यायावर ने कहा कि सात दिनों में जो कुछ सीखा, उसका उपयोग अपने जीवन में भी करना चाहिये। प्रभारी डा. जुगल किशोर दाधीच ने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की सीख तो सर्वत्र मिलती है, लेकिन अधिकरों के साथ दायित्वों का भी भान होना चाहिये। जहां सेवा का काम होता है, वहां कर्तव्य निभाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। प्रभारी डा. प्रगति भटनागर ने सात दिनों में सीखे गये अनुभवों को अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी में उतारने के लिये प्रेरित किया।




द्वितीय चरण




कार्यक्रम के द्वितीय चरण में छात्रा दक्षता कोठारी ने महिलाओं की सुरक्षा से सम्बंधित टिप्स बताये। पूजा चौधरी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में बताया। सपना स्वामी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ का संदेश अपनी कविता के माध्यम से दिया। सोनम, नगीना, रेहाना बानो, शाहीन मोयल, अनीशा व रिद्धि ने अपने शिविर के अनुभवों को साझा किया। प्रारम्भ में छात्रा नगीना बानो ने शिविर के

सता दिनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में योगिता शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता सैनी व कुसुम ने किया। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं के बीच रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेता रही स्वयंसेविकाओं को इस समारोह में पुरस्कृत किया गया। प्रभारी डा. प्रगति भटनागर ने घोषणा की कि एकल गायन प्रतियोगिता में स्नेहा पारीक प्रथम, सोनम कंवर द्वितीय व सरिता शर्मा तृतीय स्थान पर रही। आशुभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्नेहा पारीक, द्वितीय नगीना बानो एवं तृतीय दिव्यता कोठारी रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम आरती सिंहारिया, द्वितीय सोनम कंवर व तृतीय मुस्कान बानो रही। प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी व जगदीश यायावर ने इन सभी पुरस्कार प्रदान किये।

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

Pragati
(कार्यक्रम अधिकारी
एन. एस. एस
जै. वी. भा. सं
लाडनूं

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की रिपोर्ट

(15 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2018)

जैन विश्वभारती संस्थान, एवं एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की रिपोर्ट

## जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं

(15 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2018)

दिनांक : 15.07.2018




स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ

जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) एवं आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाईयों के अन्तर्गत शनिवार को यहां स्वच्छता ही सेवा-2018 अभियान का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने स्वच्छता के महत्व को बताते हुये कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की चैथी वर्षगांठ एवं महात्मा गांधी के 150वें जयंती महोत्सव के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान आगामी 2 अक्टूबर तक एनएसएस के तत्वावधान में चलाया जायेगा। इस अभियान का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के विजन को जन-आंदोलन के रूप में विकसित करने का है। प्रधानमंत्री ने इस अभियान की शुरूआत शनिवार को प्रातःकाल से की है। इस अभियान के आगामी 17 दिनों में प्रतिदिन विविध निर्धारित कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत जनमानस में सफाई के प्रति नजरिये व व्यवहार को बदलने के लिये घर-घर तक पहुंच कर प्रेरित किया जायेगा। स्वच्छता को लेकर जन-जागरण के लिये नाटक, पोस्टर, गायन एवं भजन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन

करवाया जायेगा एवं रेली निकाल कर सफाई के प्रति जागरूकता पैदा करने सम्बन्धि अनेक कार्यक्रम एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों के द्वारा सम्पन्न करवाये जायेंगे।

दिनांक : 17.07.2018

स्वच्छता ही सेवा पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम सरिता शर्मा, द्वितीय महिमा प्रजापत व तृतीय नर्मदा धेतरवाल रही। इसमें लगभग 200 छात्राओं की प्रतिभागिता रही। निर्णायक की भूमिका सहायक आचार्य श्री अभिषेक चारण एवं श्री सोमवीर सांगवान रहे।

दिनांक : 18.07.2018



स्वच्छता ही सेवा पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम मनोज दुसाद, द्वितीय बीनू रही। इसमें लगभग 20 छात्राओं की प्रतिभागिता रही। निर्णायक की भूमिका सहायक आचार्या सोनिका जैन एवं अपूर्वा घोड़ावत रहे।

दिनांक : 19.08.2018



स्वयं सेविकाओं एवं सेवकों द्वारा पुरूष छात्रावास एवं महिला छात्रावास के प्रागण एवं परिसर की साफ–सफाई का कार्य किया गया जिसमें हॉस्टल वार्डन गीता पूनिया तथा एन.एस.एस. की दोनों ईकाइयों के समन्वयक डॉ. जुगल किशोर दाधीच एवं डॉ. प्रगति भटनागर की निर्देशन में किया गया। इसमें लगभग 200 स्वयं सेविकाओं एवं सेवकों की प्रतिभागिता रही।

दिनांक : 20–21.9.2018



स्वयं सेविकाओं एवं सेवकों को स्वच्छता सम्बन्धित विभिन्न प्रेरणादायक डॉक्यूमेन्टरीज दिखाई गई तथा स्वच्छता के महत्व को समझाया गया।

**दिनांक 22.9.2018** को गांधी जी के आदर्शों को प्रतिपादित करने वाले नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रश्मि एवं समूह ने प्रथम स्थान और नन्दिनी एवं समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णाक डा. पुष्पा मिश्रा व डा. गिरधारीलाल शर्मा थे।

**दिनांक 24.9.2018**

जैविभा विश्वविद्यालय में एनएसएस दिवस मनाया



जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में एनएसएस दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सेवा की भावना होने से ही जीवन की सफलता कही जा सकती है। सेवा हमेशा निःस्वार्थ होती है, जिसमें एक हाथ से सेवा करें तो दूसरे हाथ को आभास तक नहीं हो। सेवा का ढिंढोरा पीटना तो सेवा नहीं बल्कि केवल प्रदर्शन होता है। सेवा संवेदना के बिना संभव नहीं है। संवेदना से किसी के प्रति करूणा भाव जागृत होता है और सेवा के लिये व्यक्ति तत्पर हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन का महत्वपूर्ण गुण गतिशीलता सेवा से आता है। इससे जीवन में झरने की भांति ताजगी और पारदर्शिता रहती है। जिस प्रकार गतिहीनता के कारण ठहरा हुआ पानी सड़ जाता है, वहीं व्यक्ति गति के बिना किसी महत्व का नहीं रहता है। डा. जुगल किशोर दाधीच ने कहा कि छोटे-छोटे संकल्पों के माध्यम से जीवन में सेवा भाव को सहज रूप से विकसित किया जा सकता है। सेवाभाव के जीवन में आने से व्यक्ति सरल, सहज, उदार, करूणामयी और

सामाजिक बन जाता है। आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की समन्वयक डा. प्रगति भटनागर ने एनएसएस के स्थापना के समय से लेकर वर्तमान तक की गतिविधियों आदि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वयंसेविका माधुरी सोनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यक्रमों एवं सेवा कार्यों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। प्रारम्भ में सरिता शर्मा ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर गांधी जी के जीवन से सम्बन्धित भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें 28 प्रतिभागी छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से प्रथम स्थान पर पूजा कुमारी रही। द्वितीय स्थान पर मुमुक्षु आरती व तृतीय स्थान पर मुमुक्षु सारिका रही।

**दिनांक 25.9.2018**



विश्वविद्यालय के आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय एवं एन.एस.एस. के तत्वावधान में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभाग के विभिन्न परिसरों की साफ-सफाई का विभाग के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी, सहायक आचार्य – डॉ. प्रगति भटनागर, श्री कमलकुमार मोदी, श्री मधुकर दाधीच, श्रीमती सोनिका जैन, डॉ. बलबीर सिंह चारण, श्री अभिषेक चारण, श्री सोमवीर सांगवान, सुश्री रत्ना चौधरी, सुश्री अपूर्वा घोड़ावत, श्री योगेश आदि ने छात्राओं के साथ मिलकर सफाई-कार्य में अपना श्रमदान किया।

दिनांक 26.9.2018



स्वयं सेवक एवं सेविकाओं, कुलसचिव तथा आचार्य कालू महाविद्यालय के स्टॉफ द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम करवाया गया जिसमें लगभग 30 पौधे लगाये गये जिसमें नीम, गुडहल, कनेर आदि कई तरह के पौधे थे।

दिनांक 27.9.से 01.10.2018



इन दिनों विश्वविद्यालय में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं द्वारा परिसर की स्वच्छता एवं सौन्दर्यकरण का कार्य किया गया।

दिनांक 02.10.2018



इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में छात्राओं ने विविध नारे लिखी तख्तियां लेकर एवं नारे लगाते हुये महात्मा गांधी के संदेशों को आम जन तक पहुंचाया। रैली को मंगलवार को प्रातः विश्वविद्यालय परिसर से आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर प्रो. अनिल धर, डा. प्रद्युम्न सिंह शेखावत, डा. जुगल किशोर दाधीच, डा. प्रगति भटनागर, सोनिका जैन आदि उपस्थित रही। एनएसएस ने गत 15 सितम्बर से एक पखवाड़े का आयोजन करके विविध कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। मंगलवार को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महात्मा गांधी के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर यहां जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के अहिंसा एवं शांति विभाग के तत्वावधान में यहां आचार्य महाप्रज्ञ-महाश्रमण ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलसचिव विनोद कुमार कक्कड़ ने आवश्यकता और आय के संतुलन को आवश्यक बताते हुये कहा कि महात्मा गांधी का यह मुख्य सिद्धांत था कि अपनी जरूरत के लिये आमदनी करनी चाहिये, लेकिन अपनी आमदनी के लिये जरूरतों को बढ़ाना नहीं चाहिये। उन्होंने देश की आबादी के एक प्रतिशत के पास आय का एकत्रिकरण और 75 प्रतिशत आबादी की आवश्यकतायें तक पूरी नहीं हो पाने को अनुचित व असंतुलन बताते हुये कहा कि इससे जो आम नागरिक की प्रति व्यक्ति आय का औसत निकाला जाता है, वह कभी सही नहीं कहा जा सकता है। महात्मा गांधी ने इसी कारण जरूरतों के हिसाब से आय को बढ़ाने की आवश्यकता बताई, ताकि आय का वितरण आम आदमी तक पहुंचना समान रूप से संभव हो सके। कक्कड़ ने यह भी बताया कि महात्मा गांधी ने अहम के त्याग को महत्व दिया था, क्योंकि अहम के कारण ही हिंसा का जन्म होता है। अहम व्यक्तियों को परस्पर एक दूसरे से दूर करता है और हिंसा का पैदा करता है। कोई भी व्यक्ति कोई पद ग्रहण करता है तो उसे अहम को छोड़ कर पद की गरिमा को बनाये रखना चाहिये। इससे छोटी-मोटी समस्यायें तो स्वतः ही दूर हो जाती है।

गांधी प्रतिपादित मूल्यों को अपनाने की जरूरत

कार्यक्रम में दूरस्थ शिक्षा निदेशक प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने महात्मा गांधी के जीवन के अनेक अछूते प्रसंगों का उल्लेख किया तथा उनके द्वारा प्रतिपादित जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने स्वच्छ भारत का नारा देकर महात्मा गांधी के आदर्शों को क्रियान्वित करना शुरू किया है और इस मुहिम में पूरा देश खुले में शौच मुक्त होने जा रहा है और पूर्ण स्वच्छता की ओर संकल्पबद्ध होकर आगे बढ रहे हैं। शोध निदेशक प्रो. अनिल धर ने महात्मा गांधी के बताये मूल्यों पर चलने की आवश्यकता बताई। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन ने बताया कि गांधी ने सर्वांगीण शिक्षा पर जोर दिया था तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता बताई। योग एवं जीवन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. प्रद्युम्न सिंह शेखावत ने गांधी के आदर्शों पर चलते हुये दलितों से दूरियां घटाने पर बल दिया। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. गोविन्द सारस्वत ने गांधी के सत्य व अहिंसा के रास्ते में समस्त समस्याओं के समाधान का मार्ग बताया और वंचितों के उत्थान पर ध्यान देने की जरूरत बताई। कार्यक्रम में मुमुक्षु सारिका, छात्र पारस जैन व मेहनाज बानो ने भी अपने विचार प्रकट किये। डा. प्रगति भटनागर ने अंत में आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो. रेखा तिवाड़ी, आरके जैन, डा. सरोज राय, डा. मनीष भटनागर, डा. अमिता जैन, डा. सत्यनारायण भारद्वाज, डा. योगेश जैन, डा. विकास शर्मा, डा. गिरीराज भोजक, डा. भाबाग्रही प्रधान, डा. अशोक भास्कर, डा. पुष्पा मिश्रा, अभिषेक चारण, सोनिका जैन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अहिंसा एवं शांति विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जुगलकिशोर दाधीच ने किया।

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

Pragati
(कार्यक्रम अधिकारी)
एन.एस.एस.
जै.वि.भा.सं.,
लाडनूं

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## जैन विश्वभारती संस्थान

इकाई प्रथम एवं द्वितीय

### प्रथम एक दिवसीय एन.एस.एस. शिविर की रिपोर्ट

**दिनांक 24.9.2018**

**प्रथम चरण**

जैविभा संस्थान में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया–

जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में एनएसएस दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये आचार्य कालू कन्या




महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सेवा की भावना होने से ही जीवन की सफलता कही जा सकती है। सेवा हमेशा निःस्वार्थ होती है, जिसमें एक हाथ से सेवा करें तो दूसरे हाथ को आभास तक नहीं हो। सेवा का ढिंढोरा पीटना तो सेवा नहीं बल्कि केवल प्रदर्शन होता है। सेवा संवेदना के बिना संभव नहीं है। संवेदना से किसी के प्रति करूणा भाव जागृत होता है और सेवा के लिये व्यक्ति तत्पर हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन का महत्वपूर्ण गुण गतिशील रहने से सेवा

की भावना पैदा होती है। इससे जीवन में झरने की भांति ताजगी और पारदर्शिता रहती है। जिस प्रकार गतिहीनता के कारण ठहरा हुआ पानी सड़ जाता है, वहीं व्यक्ति गति के बिना किसी महत्व का नहीं रहता है। डा. जुगल किशोर दाधीच ने कहा कि छोटे-छोटे संकल्पों के माध्यम से जीवन में सेवा भाव को सहज रूप से विकसित किया जा सकता है। सेवाभाव के जीवन में आने से व्यक्ति सरल, सहज, उदार, करूणामयी और सामाजिक बन जाता है। एनएसएस इकाई प्रथम की समन्वयक डा. प्रगति भटनागर ने एनएसएस के स्थापना के समय से लेकर वर्तमान तक की गतिविधियों आदि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वयंसेविका माधुरी सोनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यक्रमों एवं सेवा कार्यों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। प्रारम्भ में सरिता शर्मा ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया।

द्वितीय चरण

इस अवसर पर गांधी जी के जीवन से सम्बन्धित भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें 28 प्रतिभागी छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से प्रथम स्थान पर पूजा कुमारी रही। द्वितीय स्थान पर मुमुक्षु आरती व तृतीय स्थान पर मुमुक्षु सारिका रही।

Pragati
(कार्यक्रम अधिकारी)
एन. एस. एस
जै. वी. भा. सं
लाडनूं

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## जैन विश्वभारती संस्थान

### इकाई प्रथम एवं द्वितीय

### द्वितीय एक दिवसीय एन.एस.एस. शिविर की रिपोर्ट

**दिनांक 02.10.2018**

**प्रथम चरण**

दिनांक : 2 अक्टूबर को 150वीं गांधी जयन्ती के उपलक्ष में एन.एस.एस. की दो इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में छात्राओं ने विविध नारे लिखी तख्तियां लेकर एवं नारे लगाते हुये महात्मा गांधी के संदेशों को आम जन तक पहुंचाया। रैली को मंगलवार को प्रातः विश्वविद्यालय परिसर से आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर प्रो. अनिल धर, डा. पी.एस. शेखावत, डा. जुगल किशोर दाधीच, डा. प्रगति भटनागर, सोनिका जैन आदि उपस्थित रहे।

द्वितीय चरण

संस्थान की एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में आचार्य महाप्रज्ञ-महाश्रमण आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलसचिव विनोद कुमार कक्कड़ ने आवश्यकता और आय के संतुलन को आवश्यक बताते हुये कहा कि महात्मा गांधी का यह मुख्य सिद्धांत था कि अपनी जरूरत के लिये आमदनी करनी चाहिये, लेकिन अपनी आमदनी के लिये जरूरतों को बढाना नहीं चाहिये। उन्होंने देश की आबादी के एक प्रतिशत के पास आय का एकत्रिकरण और 75 प्रतिशत आबादी की आवश्यकतायें तक पूरी नहीं हो पाने को अनुचित व असंतुलन बताते हुये कहा कि इससे जो आम नागरिक की प्रति व्यक्ति आय का औसत निकाला जाता है, वह कभी सही नहीं कहा जा सकता है। महात्मा गांधी ने इसी कारण जरूरतों के हिसाब से आय को बढाने की आवश्यकता बताई, ताकि आय का वितरण आम आदमी तक पहुंचना समान रूप से संभव हो सके। कक्कड़ ने यह भी बताया कि महात्मा गांधी ने अहम के त्याग को महत्व दिया था, क्योंकि अहम के कारण ही हिंसा का जन्म होता है। अहम व्यक्तियों को परस्पर एक दूसरे से दूर करता है और हिंसा का पैदा करता है। कोई भी व्यक्ति कोई पद ग्रहण करता है तो उसे अहम को छोड़ कर पद की गरिमा को बनाये रखना चाहिये। इससे छोटी-मोटी समस्यायें तो स्वतः ही दूर हो जाती है।

कार्यक्रम में आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने महात्मा गांधी के जीवन के अनेक अछूते प्रसंगों का उल्लेख किया तथा उनके द्वारा प्रतिपादित जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।



उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने स्वच्छ भारत का नारा देकर महात्मा गांधी के आदर्शों को क्रियान्वित करना शुरू किया है और इस मुहिम में पूरा देश खुले में शौच मुक्त होने जा रहा है और पूर्ण स्वच्छता की ओर संकल्पबद्ध होकर आगे बढ रहे हैं। शोध निदेशक प्रो. अनिल धर ने महात्मा गांधी के बताये मूल्यों पर चलने की आवश्यकता बताई। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन ने बताया कि गांधी ने सर्वांगीण शिक्षा पर जोर दिया था तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता बताई। योग एवं जीवन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. प्रद्युम्न सिंह शेखावत ने गांधी के आदशि◌ं पर चलते हुये दलितों से दूरियां घटाने पर बल दिया। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. गोविन्द सारस्वत ने गांधी के सत्य व अहिंसा के रास्ते में समस्त समस्याओं के समाधान का मार्ग बताया और वंचितों के उत्थान पर ध्यान देने की जरूरत बताई। कार्यक्रम में मुमुक्षु सारिका, छात्र पारस जैन व मेहनाज बानो ने भी अपने विचार प्रकट किये। डा. प्रगति भटनागर ने अंत में आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो. रेखा तिवाड़ी, आरके जैन, डा. सरोज राय, डा. मनीष भटनागर, डा. अमिता जैन, डा. सत्यनारायण भारद्वाज, डा. योगेश जैन, डा. विकास शर्मा, डा. गिरीराज भोजक, डा. भाबाग्रही प्रधान, डा. अशोक भास्कर, डा. पुष्पा मिश्रा, अभिषेक चारण, सोनिका जैन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अहिंसा एवं शांति विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जुगलकिशोर दाधीच ने किया।

एनएसएस ने गत 15 सितम्बर से एक पखवाड़े का आयोजन करके विविध कार्यक्रमों व प्रतियागिताओं का आयोजन किया। मंगलवार को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम सरिता शर्मा, द्वितीय महिमा प्रजापत व तृतीय नर्मदा थेतरवाल रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम मनोज दुसाद, द्वितीय बीनू रही। गायन प्रतियोगिता में प्रथम अर्चना शर्मा, द्वितीय निलोफर बानों एवं प्रियंका सोनी, तथा तृतीय सरिता शर्मा रही।

Attested

Registrar
Jain Vishva bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

Pragati
(कार्यक्रम अधिकारी
एन.एस.एस
जै.वी.भा.सं
लाडनूं

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## जैन विश्वभारती संस्थान

### इकाई प्रथम एवं द्वितीय

### तृतीय एक दिवसीय एन.एस.एस. शिविर की रिपोर्ट

दिनांक 01.12.2018

### एक दिवसीय एड्स जनजागृति कार्यक्रम

**प्रथम चरण**

जैन विश्वभारती संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस राजकीय चिकित्सालय में डॉ. कमलेश कस्वा की अध्यक्षता में मनाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने विश्व एड्स दिवस की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक रखा गया जिसमें प्रत्येक नागरिक को रेड रिबन का प्रतीक चिन्ह देकर जागरूकता संदेश द्वारा जैन विश्वभारती संस्थान से लेकर राजकीय चिकित्सालय तक बैनर से एड्स विरोधी रैली का आयोजन किया गया। रैली को सम्बोधित करते हुए डॉ. कमलेश कस्वा ने कहा कि एड्स की समस्या आतंकवाद से भी घातक है। अतः इस समस्या का समाधान वैश्विक परिदृश्य में जागरूकता के द्वारा किया जा सकता है। कार्यक्रम में जैन विश्वभारती संस्थान के प्राध्यापक सोनिका जैन, डॉ. बलबीर सिंह चारण, सोमवीर सांगवान, अभिषेक चारण, सुश्री रत्ना चौधरी, सुश्री अपूर्वा घोड़ावत, योगेश टाक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रगति भटनागर ने किया।

**द्वितीय चरण**

शिविर के द्वितीय चरण में एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)

Pragati
(कार्यक्रम अधिकारी
एन.एस.एस
जै.वी.भा.सं
लाडनूं

## सद्भावना कार्यक्रम का सभाभवन डोम्बीवैली में आयोजन

18 जनवरी, 2019 को सभा भवन डोम्बीवैली में एक सद्भावना कार्यक्रम का आयोजन एन.एस.एस. जैन विश्वभारती संस्थान द्वारा किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने सद्भावना गीत एवं विचारों द्वारा अपनी अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी धर्म के लोगों में सम्भाव होने से राष्ट्र का विकास सम्भव है। सद्भावना से राष्ट्र सुदृढ़ बनता है एवं प्रगति पथ अग्रसर होता है। विश्व में मैत्री भाव द्वारा विश्व में साम्प्रदायिक सद्भावना, समझदारी एवं सहयोग की आवश्यकता है। सद्भावना के विकास के लिए व्यक्ति, धर्म, नस्ल, जाति, क्षेत्र आदि के प्रति सहिष्णुता की भावना आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने भी वैश्विक सद्भावना पर अपने विचार व्यक्त किये। अन्त में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रगति भटनागर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

(डॉ. प्रगति भटनागर)
एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी

Attested

Registrar
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun-341306
Rajasthan (India)